# Daily Current Affairs

**Date : 13 November, 2025**

## अनुक्रमणिका

| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | प्रदेश का औद्योगिक परिदृश्य |
| 2. | राजस्थान में 'मरु ज्वाला' का अभ्यास |
| 3. | सांस अभियान |
| 4. | 'एक पेड़-एक जिंदगी' अभियान: अंतरराष्ट्रीय वैन-इफा अवॉर्ड, 2025 |
| 5. | पीएम सूर्य घर योजना : राजस्थान का 5th स्थान |
| 6. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. गौरव साहू : पावरलिफ्टिंग<br>2. 69वीं स्कूल नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप, 2025 में राजस्थान का प्रदर्शन<br>3. प्रोफेसर डॉ. मनोज पंडित<br>4. पोशिका गुप्ता : शूटिंग<br>5. जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट<br>6. प्रोफेसर पृथ्वी सिंह कांधल<br>7. सेठ सूरजमल मोहता साहित्य पुरस्कार-2025 |
| 7. | प्रधानमंत्री की भूटान यात्रा |
| 8. | ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (GRAP) |
| 9. | गगनयान मिशन |
| 10. | YBRANT कार्यक्रम |
| 11. | राष्ट्रीय वन हेल्थ मिशन |
| 12. | शहरी सहकारी बैंक |
| 13. | बुकर पुरस्कार 2025 |
| 14. | राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2024 |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## प्रदेश का औद्योगिक परिदृश्य

### चर्चा में क्यों?

- **राजस्थान ने व्यवसाय प्रवेश, श्रम नियमन सुविधाएँ, पर्यावरण पंजीकरण और सेवा क्षेत्र में देशभर में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है।**




### मुख्य बिन्दु:

- **भारत सरकार के उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (DPIIT) ने बिजनेस रिफॉर्म्स एक्शन प्लान- 2024 के अंतर्गत प्रदेश को इन चार व्यावसायिक सुधारों की श्रेणियों में शीर्ष उपलब्धि हासिल करने वाले राज्य के रूप में मान्यता दी है।**
- **राजस्थान को ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग में टॉप अचीवर्स श्रेणी में सम्मानित किया गया।**


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- दिल्ली में आयोजित समागम कार्यक्रम, 2025 में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने यह सम्मान राजस्थान को बिजनेस एंट्री, श्रम नियम सुधार और सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया।

| | |
|---|---|
| पांच सुधार क्षेत्रों में शीर्ष | उत्तराखंड और पंजाब |
| चार सुधार क्षेत्रों में शीर्ष | आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, जम्मू -कश्मीर, केरल, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान, झारखंड और छत्तीसगढ़ |
| तीन सुधार क्षेत्रों में शीर्ष | महाराष्ट्र, असम, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, ओडिशा और उत्तर प्रदेश |
| दो सुधार क्षेत्रों में शीर्ष | गुजरात, कर्नाटक और त्रिपुरा |
| एक सुधार क्षेत्र में शीर्ष | गोवा और मेघालय |

- वाई श्रेणी (स्थापित व्यापार प्रणालियों वाले राज्य/ केंद्र शासित प्रदेश) में, तेज़ी से प्रगति करने वाले राज्य ओडिशा, पंजाब, आंध्र प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, केरल, असम, उत्तराखंड, जम्मू -कश्मीर, और कर्नाटक रहे।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

| औद्योगिक विकास हेतु प्रमुख घटक |
|---|
| **आधारभूत संरचना का विकास :**<br>1. राजस्थान विशेष निवेश क्षेत्र अधिनियम, 2016<br>2. जोधपुर-पाली-मारवाड़ औद्योगिक क्षेत्र (J.P.M.I.A.)<br>3. खुशखेड़ा-भिवाड़ी-नीमराना निवेश क्षेत्र (K.B.N.I.R.)<br>4. औद्योगिक पार्क और विशेष निवेश क्षेत्र<br>5. मेड टेक मेडिकल डिवाइसेज पार्क |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

6. इंटिग्रेटेड रिसोर्स रिकवरी पार्क
7. एग्रो फूड पार्क
8. स्पोर्ट्स गुड्स एवं टॉयज जोन
9. अन्य आधारभूत संरचना विकास

**कनेक्टिविटी :**

1. दिल्ली-मुम्बई इण्डस्ट्रीयल कॉरिडोर
2. वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर

**M.S.M.E. :**

1. राजस्थान M.S.M.E. नीति, 2024
2. राजस्थान सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (फैसिलिटेशन ऑफ एस्टेबलिशमेंट एण्ड ऑपरेशन) अधिनियम-2019
3. एकीकृत क्लस्टर विकास योजना
4. लघु विकास केंद्र और सूक्ष्म लघु उद्यम क्लस्टर विकास कार्यक्रम (M.S.E.-C.D.P.) योजना
5. पी.एम. विश्वकर्मा योजना
6. मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना (M.L.U.P.Y.)
7. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम पंजीकरण
8. डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित, आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना
9. मुख्यमंत्री युवा उद्यम प्रोत्साहन योजना

**वित्तीय सहायता :**

1. दीर्घकालिक ऋण और प्रोत्साहन
2. औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली का उन्नयन


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 3. राजस्थान वित्त निगम<br>4. युवा उद्यमिता प्रोत्साहन योजना | |
| **विपणन सहायता :**<br>1. राजस्थली आउटलेट्स<br>2. लघु उद्योगों को उत्पादों की आपूर्ति करके सहायता<br>3. खादी और ग्रामोद्योग को बढ़ावा<br>4. राजस्थान निर्यात संवर्धन परिषद | **ईज ऑफ डुइंग बिजनेस :**<br>1. राज निवेश पोर्टल<br>2. रीको ई.ओ.डी.बी. पहल<br>3. विवाद एवं निवारण तन्त्र<br>4. व्यापार सुधार कार्य योजनाएँ |
| **निर्यात :**<br>1. राजस्थान निर्यात् प्रोत्साहन नीति, 2024<br>2. एक जिला एक उत्पाद (O.D.O.P.)<br>3. राजस्थान लघु उद्योग निगम लिमिटेड<br>4. निर्यात प्रोत्साहन प्रशिक्षण | **अन्य पहल :**<br>1. राजस्थान फाउण्डेशन<br>2. औद्योगिक उद्यमिता ज्ञापन<br>3. साझेदारी फर्मों का पंजीयन<br>4. कारखाना एवं बॉयलर्स |
| **खनन :**<br>1. राजस्थान में खनन क्षेत्र<br>2. राजस्थान राज्य खनिज अन्वेषण ट्रस्ट<br>3. राजस्थान राज्य खान एवं खनिज लिमिटेड गहन खनिज सर्वेक्षण<br>4. जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट | **तेल और प्राकृतिक गैस :**<br>1. कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की खोज, उत्पादन एवं विकास<br>2. राजस्थान रिफाइनरी परियोजना |


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान में 'मरु ज्वाला' का अभ्यास

## चर्चा में क्यों?

- **भारतीय सशस्त्र बलों ने देश के सबसे बड़े त्रि-सेवा अभ्यास के हिस्से के रूप में, 11 नवंबर, 2025 को राजस्थान के थार रेगिस्तान में ऑपरेशन त्रिशूल के 'मरु ज्वाला' चरण का आयोजन किया।**




## मुख्य बिन्दु:

- **इस अभ्यास में टी-90 भीष्म टैंक , सटीक मिसाइल प्रक्षेपण, यूएवी निगरानी और लाइव-फायर अभ्यास शामिल थे, जिसमें रेगिस्तानी अभियानों के लिए सेना-वायु सेना की संयुक्त युद्ध रणनीति का परीक्षण किया गया।**
- **इसने थल और वायु सेनाओं के बीच वास्तविक समय समन्वय का प्रदर्शन किया तथा एकीकृत थिएटर कमांड दृष्टिकोण को मान्य किया गया।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

### अगड़ावा हवाई पट्टी:

- पाकिस्तान सीमा से लगभग 40 किलोमीटर दूर बाड़मेर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 925A पर स्थित 3 किलोमीटर लंबी अगड़ावा हवाई पट्टी पर राफेल, तेजस और सुखोई-30MKI लड़ाकू विमानों के आपातकालीन लैंडिंग और टेक-ऑफ अभ्यास का आयोजन किया गया ।
- मूल रूप से सितंबर, 2021 में उद्घाटन की गई यह पट्टी भारत की पहली राष्ट्रीय राजमार्ग-आधारित आपातकालीन लैंडिंग सुविधा है, जिसे भारतीय वायु सेना (IAF) और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) द्वारा संयुक्त रूप से बनाया गया है ।

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# सांस अभियान

## चर्चा में क्यों?

- प्रदेश में 5 वर्ष तक के सभी बच्चों की निमोनिया स्क्रीनिंग एवं इससे होने वाली जटिलताओं, तथ्यों आदि के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए 12 नवम्बर से 28 फरवरी, 2025 तक 'सांस' अभियान संचालित किया जा रहा हैं।



## मुख्य बिन्दु:

- **सांस अभियान' (SAANS) :** Social Awareness and Action to Neutralize Pneumonia Successfully.
- **थीम :** इस दौरान निर्धारित थीम 'निमोनिया नहीं तो बचपन सही' पर विभिन्न जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।
- **आयोजक :** स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान सरकार
- **मुख्य उद्देश्य :** 5 वर्ष तक के बच्चों में निमोनिया से मृत्यु दर कम करना।
- प्रदेश के समस्त चिकित्सा संस्थानों, आयुष्मान आरोग्य मंदिर व आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा मुख्य स्थानों पर बच्चों में निमोनिया से बचाव एवं निमोनिया होने पर क्या करें संबंधी तथ्यों पर आधारित प्रचार सामग्री प्रदर्शित करें।
- **विश्व निमोनिया दिवस :** प्रतिवर्ष 12 नवंबर


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 'एक पेड़-एक जिंदगी' अभियान: अंतरराष्ट्रीय वैन-इफा अवॉर्ड, 2025

## चर्चा में क्यों?

- पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सरोकारों के प्रति प्रतिबद्ध दैनिक भास्कर को 'एक पेड़-एक जिंदगी' अभियान के लिए प्रतिष्ठित WAN-IFRA (द वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ न्यूज पब्लिशर्स) के एशियन मीडिया अवॉर्ड्स 2025 में 'बेस्ट कम्युनिटी सर्विस प्रोजेक्ट' श्रेणी में सिल्वर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।




## मुख्य बिन्दु:

- 'एक पेड़ एक जिंदगी' का अर्थ है; एक पेड़, एक जीवन।
- यह एक नागरिक-केंद्रित हरित पहल है जिसका उद्देश्य शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण को बढ़ावा देना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- यह मिशन लाइफ (पर्यावरण के लिए जीवनशैली) और राष्ट्रीय वनरोपण कार्यक्रम जैसी पहलों के तहत भारत के व्यापक लक्ष्यों से जुड़ा है।
- इस पहल में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भास्कर ने अखबार के साथ 50 लाख से अधिक घरों तक बीज पहुंचाए, ताकि हर कोई अपने घर से ही आसानी से अभियान का हिस्सा बन सके।

**राजस्थान से प्रासंगिकता:**

- इस तरह के अभियान राजस्थान में व्यापक रूप से चल रहे हैं, जो मरुस्थलीकरण और कम हरित आवरण वाला राज्य है।
- नागरिकों को पर्यावरण के प्रति जागरूक आदतें अपनाने तथा जलवायु लचीलेपन में सरकारी प्रयासों का समर्थन करने के लिए प्रोत्साहित करता है।
- दैनिक भास्कर के अभियान 'एक पेड़ एक जिंदगी' ने INMA ग्लोबल मीडिया अवार्ड्स, 2025 में सर्वश्रेष्ठ जनसंपर्क और सामुदायिक सेवा अभियान श्रेणी में तीसरा स्थान हासिल किया था।

UTKARSH CIVIL SERVICES




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पीएम सूर्य घर योजना : राजस्थान का 5th स्थान

## चर्चा में क्यों?

- पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत् प्रदेश के घरों में एक लाख 257 रूफटॉप सोलर प्लांट लग चुके है। जिनकी क्षमता 408 मेगावॉट है।
- पीएम सूर्य घर योजना के तहत् रूफ टॉप सोलर प्लांट लगाने में राजस्थान पांचवे स्थान पर है।




## मुख्य बिन्दु:


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- राज्य में अब तक 86 हजार 307 उपभोक्ताओं को सोलर प्लांट लगाने पर 672 करोड़ रुपए की सब्सिडी मिल चुकी है।
- **सबसे ज्यादा रूफटॉप सोलर प्लांट :** जयपुर डिस्कॉम > जोधपुर डिस्कॉम > अजमेर डिस्कॉम

**रूफ टॉप सोलर प्लांट की स्थापना :**

| रैंक | राज्य |
|---|---|
| 1 st | गुजरात |
| 2 nd | महाराष्ट्र |
| 3 rd | उत्तर प्रदेश |
| 4 th | केरल |
| 5 th | राजस्थान |

- पीएम सूर्य घर योजना में 408 मेगावाट के प्लांट लग गए है। प्रदेश में हर महीने औसतन 10 हजार सोलर प्लांट लग रहे है। वहीं मुख्यमंत्री नि:शुल्क बिजली योजना में रजिस्टर्ड उपभोक्ताओं को 17 हजार रुपए की अतिरिक्त सब्सिडी दी जाएगी।

**आदर्श सौर ग्राम :**

- योजना के तहत् 11 जिलों में आदर्श सौर ग्राम का चयन किया गया है। सालासर (चूरू), डाबी (बून्दी), मोर (टोंक), मिश्रोली (झालावाड़), जेठाना (अजमेर), केलवा (राजसमंद), दलोट (प्रतापगढ़), चनाना (झुंझुनू), भावरी (पाली), चौथ का बरवाड़ा (सवाई माधोपुर) तथा बसई नवाब (धौलपुर) आदर्श सौर ग्राम है। इन गांवों को सामुदायिक सौर गतिविधियों के प्रोत्साहन के लिए एक करोड़ रुपए की राशि दी जाएगी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

### PM सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना:

- **परिचय :** यह पर्याप्त वित्तीय सब्सिडी प्रदान करके और इनस्टॉलेशन में सुविधा सुनिश्चित करके सोलर रूफटॉप सिस्टम को अपनाने को बढ़ावा देने के लिये एक केंद्रीय योजना है।
- **उद्देश्य:** इसका लक्ष्य भारत में एक करोड़ परिवारों को मुफ्त विद्युत ऊर्जा उपलब्ध कराना है, जो रूफटॉप सोलर पैनल वाली बिजली इकाइयाँ स्थापित करना चाहते हैं।
- **लाभ:** परिवारों को प्रत्येक महीने 300 यूनिट बिजली मुफ्त मिल सकेगी।

### कार्यान्वयन एजेंसियाँ:

- **राष्ट्रीय स्तर:** राष्ट्रीय कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसी (NPIA)।
- **राज्य स्तर:** राज्य कार्यान्वयन एजेंसियों (SIA) द्वारा प्रबंधित, जो संबंधित राज्यों या केंद्रशासित प्रदेशों की वितरण उपयोगिताएँ (डिस्कॉम) या विद्युत/ऊर्जा विभाग हैं।
- **सब्सिडी संरचना:** यह योजना सोलर रूफटॉप सिस्टम इनस्टॉलेशन की लागत को कम करने के लिये सब्सिडी प्रदान करती है। सब्सिडी अधिकतम 3 किलोवाट क्षमता तक सीमित है।
    - 2 किलोवाट क्षमता तक के सोलर सिस्टम के लिये 60 प्रतिशत सब्सिडी।
    - 2 किलोवाट से 3 किलोवाट क्षमता के बीच सोलर सिस्टम के लिये 40 प्रतिशत सब्सिडी।

### विशेषताएँ:

- **आदर्श सौर गाँव:** प्रत्येक ज़िले में एक 'मॉडल सोलर विलेज' विकसित किया जाएगा, जो एक प्रदर्शन परियोजना के रूप में कार्य करेगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रूफटॉप सोलर सिस्टम अपनाने को बढ़ावा देगा।
- **स्थानीय निकायों के लिये प्रोत्साहन:** शहरी स्थानीय निकायों और पंचायती राज संस्थान को अपने-अपने क्षेत्रों में छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने को बढ़ावा देने के लिये प्रोत्साहन मिलेगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना के लाभ :

1. **कम कार्बन उत्सर्जन:** इससे $CO_2$ समतुल्य उत्सर्जन में 720 मिलियन टन की कमी आएगी, जिससे पर्यावरणीय स्थिरता में महत्त्वपूर्ण योगदान मिलेगा।
2. **आर्थिक लाभ:** परिवारों को बिजली बिल में कमी का लाभ मिलेगा और वे वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) को अधिशेष विद्युत की बिक्री कर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगे।
3. **सौर ऊर्जा उत्पादन:** इस योजना से भवन की छतों पर सोलर सिस्टम इनस्टॉलेशन के माध्यम से 30 गीगावाट सौर क्षमता के लाभ की उम्मीद है, जिससे सोलर सिस्टम के 25 वर्ष के जीवनकाल में 1000 बिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन होगा।
4. **रोजगार सृजन:** इस योजना से विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स, आपूर्ति शृंखला प्रबंधन, बिक्री, स्थापना, संचालन और रखरखाव जैसे विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 17 लाख प्रत्यक्ष रोज़गार सृजित होने का अनुमान है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## न्यूज़ इन शॉर्ट्स

<table>
<tr><th>क्र. सं.</th><th>न्यूज़</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>गौरव साहू : पावरलिफ्टिंग<br>■ राजस्थान से पहला खिलाड़ी जिसने वर्ल्ड सीनियर पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप खेली।<br>■ आयोजन : क्लुज-नापोका (रोमानिया)<br>■ संबंध : उदयपुर, राजस्थान<br>■ भार वर्ग : 59 किग्रा<br>■ कुल वजन : 570 किग्रा (स्क्वाट 220, बेंच प्रेस 115, डेडलिफ्ट 235)<br>■ उपलब्धि : विश्व स्तर पर 6 वां स्थान</td></tr>
<tr><td>2.</td><td>69वीं स्कूल नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप, 2025 में राजस्थान का प्रदर्शन<br>■ आयोजन : 28 अक्टूबर से 3 नवंबर, 2025 तक ईटानगर, अरुणाचल प्रदेश।<br>■ श्रेणी : अंडर 17<br>राजस्थान के विजेता-<br><table><tr><th>खिलाड़ी</th><th>वर्ग</th><th>पदक</th></tr><tr><td>अनिता</td><td>40 से 50 किलो वर्ग</td><td>रजत</td></tr><tr><td>सैफ अली</td><td>75 से 80 किलो वर्ग</td><td>रजत</td></tr><tr><td>सुनील शर्मा</td><td>80 किलो से अधिक</td><td>रजत</td></tr></table></td></tr>
<tr><td>3.</td><td>प्रोफेसर डॉ. मनोज पंडित<br>■ जयपुर आरयू से भू-विज्ञान के रिटायर प्रोफेसर डॉ. मनोज पंडित को अमेरिका के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा संकलित 2025 की वैश्विक रैंकिंग में टॉप-2% वैज्ञानिकों में शामिल किया है।<br>■ यह रैंकिंग एल्सेवियर साइंस के स्कोपस डेटाबेस से प्राप्त छह प्रमुख शोध संकेतकों पर आधारित है।<br>■ वर्ष 2025 की इस सूची में शामिल ज्यादातर भारतीय वैज्ञानिक मुख्य रूप से भारतीय विज्ञान संस्थान, विभिन्न भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों, राष्ट्रीय अनुसंधान संस्थानों और केंद्रीय विश्वविद्यालयों से हैं।</td></tr>
</table>



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 4. | **पोशिका गुप्ता : शूटिंग**<br>■ अहमदाबाद, गुजरात में चल रही 34वीं ऑल इंडिया जीवी मावलंकर शूटिंग चैम्पियनशिप में पोशिका गुप्ता ने 50 मीटर पिस्टल में कांस्य पदक जीता।<br>■ पोशिका एक इंटरनेशनल शूटर हैं। हाल ही में, एशियन शूटिंग चैम्पियनशिप में भी भाग लिया था। |
| 5. | **जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट**<br><br><br>■ हाल ही में, देश के टॉप-10 सबसे व्यस्त एयरपोर्ट की सूची में जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को शामिल किया गया, इसका कारण फ्लाइट मूवमेंट के साथ यात्री भार बढ़ना है। |
| 6. | **प्रोफेसर पृथ्वी सिंह कांधल**<br>■ सड़क निर्माण के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रोफेसर पृथ्वी सिंह कांधल को वर्ष-2025 का 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' प्रदान किया गया है।<br>■ यह सम्मान उन्हें भुवनेश्वर (ओडिशा) में आयोजित आइआरसी के 84 वें वार्षिक सत्र के उद्घाटन समारोह में दिया गया। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| | ■ प्रोफेसर कांधल वर्तमान में यूएसए के ऑबर्न विश्वविद्यालय स्थित नेशनल सेंटर फॉर एस्टफॉल्ट टेक्नोलॉजी में एसोसिएट डायरेक्टर एमेरिटस हैं।<br>■ उन्होंने 120 से अधिक तकनीकी शोध पत्र प्रकाशित किए और भारत में एस्टफॉल्ट रोड निर्माण पर पहली टेक्स्टबुक 'बिटुमिनस रोड कंस्ट्रक्शन इन इंडिया' लिखी।<br>■ कांधल ने भारत में पेनिट्रेशन ग्रेडिंग के स्थान पर बिटुमिन की विस्कोसिटी ग्रेडिंग प्रणाली लागू कर सड़क निर्माण की गुणवत्ता को नया आयाम दिया। |
| **7.** | **सेठ सूरजमल मोहता साहित्य पुरस्कार-2025**<br>■ सेठ सूरजमल मोहता साहित्य पुरस्कार-2025 जयपुर के साहित्यकार रत्नकुमार सांभरिया को दिया जाएगा।<br>■ ट्रस्ट की ओर से सांभरिया को 50 हजार रुपए की राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## प्रधानमंत्री की भूटान यात्रा

### चर्चा में क्यों?

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हाल ही की भूटान यात्रा ने दोनों देशों के बीच मैत्री और सहयोग के विशेष संबंधों को मजबूत किया।

### मुख्य बिन्दु:

- दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय समझौते के तहत निर्मित 1020 मेगावाट पुनात्सांगछू-II जलविद्युत परियोजना का उद्घाटन हुआ।

**घोषणाएँ:**

- 1200 मेगावाट पुनात्सांगछू-I जलविद्युत परियोजना की मुख्य बांध संरचना पर काम फिर से शुरू करने पर सहमति।
- भूटानी मंदिर/मठ और अतिथि गृह के निर्माण के लिए वाराणसी में भूमि का अनुदान।
- गेलेफू के पार हतिसार में एक आव्रजन जांच चौकी स्थापित करने का निर्णय।
- संस्थागत संपर्क निर्माण पर पीईएमए सचिवालय, भूटान और राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान (निम्हांस) भारत के बीच समझौता ज्ञापन।

**भारत-भूटान संबंध**

- भारत और भूटान के बीच राजनयिक संबंध वर्ष 1968 में स्थापित हुए थे। भारत-भूटान संबंधों का मूल ढांचा 1949 ई. में हस्ताक्षरित मैत्री और सहयोग संधि रही है ।
- इस संधि को वर्ष 2007 में संशोधित किया गया, जिससे भूटान को अधिक स्वायत्तता प्रदान की गई तथा संप्रभुता के लिए पारस्परिक सम्मान और घनिष्ठ सहयोग की पुन: पुष्टि की गई।
- 2024 में, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो से सम्मानित किया गया, जो यह पुरस्कार पाने वाले पहले विदेशी नेता होंगे।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (GRAP)

### चर्चा में क्यों?

- गंभीर वायु प्रदूषण के कारण वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने NCR में ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (GRAP) का चरण-III लागू किया।

### मुख्य बिन्दु:

- इसमें उत्सर्जन और भीड़भाड़ को कम करने के लिए 9-सूत्रीय कार्य योजना शामिल होगी। इस योजना में निम्नलिखित उपाय शामिल होंगे-
- निर्माण, खनन एवं प्रदूषणकारी वाहनों पर प्रतिबंध
- हाइब्रिड स्कूलिंग (यानी कभी घर से तो कभी स्कूल जाकर पढ़ाई करना) और कार्यालयों के समय को चरणबद्ध तरीके से लागू करना आदि।

#### वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM)

- वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) एक वैधानिक निकाय है। इसे दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) और आस-पास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता के प्रबंधन के लिए स्थापित किया गया है।
- इसे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और निकटवर्ती क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग अधिनियम, 2021 के तहत स्थापित किया गया है।

#### ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (GRAP)

- यह दिल्ली-NCR के वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) के औसत स्तर पर आधारित एक आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली है। इसका उद्देश्य दिल्ली-NCR में खराब होती वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए विभिन्न हितधारकों के बीच समन्वय स्थापित करना है।
- इसे AQI स्तरों के आधार पर चार चरणों में विभाजित किया है-
  - **चरण 1 (स्टेज 1):** खराब श्रेणी (AQI 201 से 300)
  - **चरण 2 (स्टेज 2):** बहुत खराब श्रेणी (AQI 301 से 400)
  - **चरण 3 (स्टेज 3):** गंभीर श्रेणी (AQI 401 से 450)
  - **चरण 4 (स्टेज 4):** अति गंभीर श्रेणी (AQI 451 से अधिक)।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान प्रौद्योगिकी

## गगनयान मिशन

### चर्चा में क्यों?

- इसरो ने अपने आगामी मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन, गगनयान के लिए महत्वपूर्ण पैराशूट परीक्षण सफलतापूर्वक किया।

### मुख्य बिन्दु:

- इसरो अगली बार अर्ध-मानव रोबोट व्योममित्र के साथ तीन मानवरहित उड़ानें संचालित करेगा, जिसका लक्ष्य 2027 की शुरुआत तक मानवयुक्त मिशन तैयार करना है।
- गगनयान कार्यक्रम को दिसंबर 2018 में मंजूरी दी गई थी।
- यह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का एक मिशन है। यह भारत की पहली स्वदेशी मानव अंतरिक्ष उड़ान पहल है।
- इसका उद्देश्य तीन दिनों के लिए 400 किलोमीटर की निचली पृथ्वी कक्षा में चालक दल भेजकर , सुरक्षित वापसी और भारतीय जलक्षेत्र में उतरकर भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान क्षमता का प्रदर्शन करना है।
- मानव-रेटेड एलवीएम3, इसरो के विश्वसनीय एलवीएम3 रॉकेट का संशोधित संस्करण है, जिसे गगनयान मिशन के प्रक्षेपण यान के रूप में पहचाना गया है।
- इसमें उच्च-थ्रस्ट ठोस मोटरों के साथ क्रू एस्केप सिस्टम (सीईएस) की सुविधा है, जो प्रक्षेपण आपात स्थितियों के दौरान चालक दल को सुरक्षित रूप से बाहर निकालने में मदद करता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण योजनाएँ

## YBRANT कार्यक्रम

### चर्चा में क्यों?

- भारतीय कॉर्पोरेट मामलों के संस्थान ने डब्ल्यूएनएस ग्लोबल सर्विसेज के साथ साझेदारी में वाईब्रैंट कार्यक्रम शुरू किया।

### मुख्य बिन्दु:

- यह सरकार, उद्योग और शिक्षा जगत के बीच एक रणनीतिक सहयोग है।
- इसे सतत विकास मूल्यों को स्थापित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

**उद्देश्य और आवश्यकता**

- भारत का सीएसआर व्यय काफी बढ़ गया है, जो लाभ और जिम्मेदार आचरण के बीच संतुलन बनाने वाले पेशेवरों की आवश्यकता को उजागर करता है।
- YBRANT कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक रूप से जिम्मेदार और स्थिरता-उन्मुख व्यावसायिक नेताओं को विकसित करना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय वन हेल्थ मिशन

## चर्चा में क्यों?

- राष्ट्रीय वन हेल्थ मिशन को प्रधान मंत्री की विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सलाहकार परिषद ने अनुमोदित किया है। इसके तहत स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों की परस्पर जुड़ी प्रकृति को पहचानते हुए महामारी के खिलाफ मजबूत तैयारी और एकीकृत रोग नियंत्रण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## मुख्य बिन्दु:

### राष्ट्रीय वन हेल्थ मिशन

- **विज़न:** बेहतर स्वास्थ्य परिणाम, बेहतर उत्पादकता और जैव विविधता के संरक्षण के लिए मानव, पशु एवं पर्यावरण को एक साथ लाकर भारत में एकीकृत रोग नियंत्रण तथा महामारी के खिलाफ तैयारी तंत्र का निर्माण करना।
- **कार्यान्वयन एजेंसी:** भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICMR)।
- **एंकर संस्थान:** राष्ट्रीय वन हेल्थ संस्थान, नागपुर।

### 'वन हेल्थ'

- वन हेल्थ एक एकीकृत और समन्वित दृष्टिकोण है। इसका उद्देश्य मनुष्यों, जानवरों, पादपों और पारिस्थितिकी-तंत्र के स्वास्थ्य को सतत रूप से संतुलित एवं अनुकूलित करना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आर्थिक परिदृश्य

## शहरी सहकारी बैंक

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने 'सहकारिता कुंभ 2025' में शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) से भारत के युवाओं और वंचित समुदायों को सशक्त बनाने में परिवर्तनकारी भूमिका निभाने का आह्वान किया।

### मुख्य बिन्दु:

**सहकारी कुंभ 2025 की मुख्य विशेषताएँ**

- **दिल्ली घोषणा 2025:** इसे राष्ट्रीय शहरी सहकारी बैंक एवं ऋण समिति महासंघ द्वारा अपनाया गया, जिसका उद्देश्य सहकारी बैंकिंग नेटवर्क के भीतर वित्तीय स्थिरता, प्रशासन और डिजिटलीकरण को बढ़ाना है।
- **डिजिटल प्रोत्साहन:** छोटे सहकारी बैंकों को सशक्त बनाने के लिए दो नई डिजिटल पहलों - सहकार डिजी-पे और सहकार डिजी-लोन का शुभारंभ किया गया।
- सरकार का लक्ष्य अगले पांच वर्षों के भीतर दो लाख से अधिक आबादी वाले प्रत्येक भारतीय शहर में एक यूसीबी स्थापित करना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पुरस्कार

## बुकर पुरस्कार 2025

### चर्चा में क्यों?

- डेविड स्ज़ेले ने अपने उपन्यास 'फ्लेश ' के लिए इस वर्ष का बुकर पुरस्कार जीता, वे बुकर पुरस्कार जीतने वाले पहले हंगेरियन-ब्रिटिश लेखक हैं।

### मुख्य बिन्दु:

- **पात्रता:** यह पुरस्कार किसी भी देश के नागरिक द्वारा अंग्रेजी भाषा में लिखे गए तथा ब्रिटेन और आयरलैंड में प्रकाशित साहित्यिक रचना के लिए दिया जाता है।
- **शुभारंभ:** इसे वर्ष 1969 में यूनाइटेड किंगडम में स्थापित किया गया था।
- **भारतीय विजेता:** कई भारतीय लेखकों के साथ-साथ भारतीय मूल के लेखकों ने भी यह पुरस्कार जीता है।
- इनमें 1971 में वी.एस. नायपॉल द्वारा इन ए फ्री स्टेट, 1981 में सलमान रुश्दी द्वारा मिडनाइट्स चिल्ड्रन, 1997 में अरुंधति रॉय द्वारा द गॉड ऑफ स्मॉल थिंग्स, 2006 में किरण देसाई द्वारा द इनहेरिटेंस ऑफ लॉस, 2008 में अरविंद अडिगा द्वारा द व्हाइट टाइगर शामिल हैं।

**अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार**

- यह पुरस्कार अंग्रेजी में अनुवादित और यूनाइटेड किंगडम (यूके) या आयरलैंड में प्रकाशित, दीर्घ-कथा साहित्य या लघु कथाओं के संग्रह की सर्वश्रेष्ठ कृतियों को प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है।
- इसकी स्थापना 2005 में हुई थी।
- 2022 में गीतांजलि श्री को उनके हिंदी उपन्यास, टॉम्ब ऑफ सैंड के लिए पुरस्कार मिला।
- 2025 में, बानू मुश्ताक और दीपा भस्थी ने मुश्ताक की लघु कथाओं के कन्नड़ से अंग्रेजी में अनुवादित संकलन, हार्ट लैंप के लिए यह पुरस्कार जीता।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2024

## चर्चा में क्यों?

- **महाराष्ट्र ने 2024 के लिए छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार की सर्वश्रेष्ठ राज्य श्रेणी में पहला स्थान हासिल किया है। गुजरात और हरियाणा क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।**

## मुख्य बिन्दु:

- **जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग द्वारा 2018 में स्थापित , राष्ट्रीय जल पुरस्कार का उद्देश्य सतत जल प्रबंधन को प्रोत्साहित करना और सरकार के 'जल समृद्ध भारत' दृष्टिकोण का समर्थन करना है।**
- **इस वर्ष, दस श्रेणियों में 46 विजेताओं का चयन किया गया है , जिनमें सर्वश्रेष्ठ जिला, सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत, सर्वश्रेष्ठ शहरी स्थानीय निकाय और सर्वश्रेष्ठ संस्थान शामिल हैं।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR